उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने 01 नफ़र वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 25.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय मय हमराह कां0 राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त लालता प्रसाद पुत्र मूलचन्द्र उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा सम्बन्धित परिवाद संख्या-87/2023 धारा 138 NI Act थाना कोतवाली नगर महोबा में मा0 न्यायालय C.J(J.D)/J.M महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम रिवई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय
2. कां0 राहुल कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त –

लालता प्रसाद पुत्र मूलचन्द्र उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- सीसीटीएनएस की रैंकिंग में जनपद महोबा को प्रथम स्थान
- मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित-
- पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में जनपद को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा अप्रैल 2025 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग की गई है। जिसमें लम्बित अभियोगों के त्वरित निस्तारण को लेकर जारी प्रदेश स्तरीय सीसीटीएन रैंकिग में जनपद महोबा पुलिस को 100 % अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है ।

इस उपलब्धि पर श्री नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है साथ ही साथ भविष्य में भी इसी प्रकार पूर्ण मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ सौपें गये दायित्वों का निर्वहन कर विभाग की प्रतिष्ठा बढाने में सहयोग किये जाने हेतु प्रशंसा की गई है।

ध्यातव्य रहे कि पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में जनपद को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

**- क्या है सीसीटीएनएस पोर्टल-**

सीसीटीएनएस के माध्यम से किसी भी अपराध से जुड़ी हुई रिपोर्ट के साथ ही प्रकरण किस स्थिति में है। कितने आरोपी गिरफ्तार हुए। पुलिस मामले में कहा तक विवेचना कर रही है। इस संबंध में पुलिस कहां-कहां जांच करने गई। लगभग यह सभी जानकारियां चालान पेश होने तक की हर गतिविधि को सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में ऑनलाइन किया जाता है।

**- सीसीटीएनएस की रैंकिंग से जुडे पोर्टल-**

1. CCTNS portal Ke IIF forms 2. Training certificate portal 3. Pared portal 4. Field unit portal 5. PG portal6. Foot patrolling portal 7. Crimac portal 8. ICJS portal 9. Crime analytical portal 10. NAFIS portal

इन सभी में अच्छी फीडिंग व मॉनिटरिंग के आधार पर महोबा पुलिस को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 25.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित उ0नि0 शिल्पी राजपूत मय हमराह कां0 कुँवर पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 151/25 धारा 75(1)/76 बी.एन.एस. व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त शिवकुमार उर्फ सुखा पुत्र स्व0 रामाधार प्रजापति उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मु0 अजाद नगर कबरई थाना कबरई जनपद महोबा को मंदिर की झोपड़ी के पास बहद मु0 आजाद नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. म0उ0नि0 शिल्पी राजपूत
2. कां0 कुँवर पाल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

शिवकुमार उर्फ सुखा पुत्र स्व0 रामाधार प्रजापति उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मुहल्ला अजाद नगर कबरई थाना कबरई जनपद महोबा

